### एक नजर में



## जानीं अंतरिक्ष की रोचक बातें, भ्रमण की अपील

**उज्जैन।** म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन का स्थापना दिवस रविवार को महानंदा नगर स्थित तारामंडल में उत्साह और पारिवारिक वातावरण में मनाया गया। इस मिलन समारोह में 150 से अधिक सदस्यों, उनके परिवारजनों और विभिन्न एसेट मैनेजमेंट कंपनियों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने तारामंडल में विशेष शो देखा और अंतरिक्ष, ग्रहों व ब्रह्मांड से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारियां प्राप्त कीं। इस शो ने बच्चों सहित बड़ों में खगोल विज्ञान के प्रति नई जिज्ञासा जगाई। संस्था के मार्गदर्शक अभिलाष जैन और आशीष धारिवाल ने कहा कि संगठन की मजबूती सदस्यों की सक्रिय सहभागिता और निरंतर संवाद पर टिकी होती है। ऐसे आयोजनों से उद्योग के विभिन्न पक्षों के बीच समन्वय मजबूत होता है। संस्था ने शहरवासियों और पर्यटकों से भी तारामंडल का भ्रमण कर इस वैज्ञानिक अनुभव का लाभ लेने का आग्रह किया। समारोह में गोपाल पंड्या, अजय तिवारी, वैभव बंसल, अनुपम अग्रवाल और विजय सोनी सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में कार्यकारिणी सदस्य यतीश बोहरा, राजेंद्र मोरे, गौरव लालवानी, अशोक गांधी, अंशुल पाटीदार और विपुल जैन का विशेष योगदान रहा।



## स्वदेशी जागरण मंच के प्रशिक्षण वर्ग

**उज्जैन।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा शहर में एकदिवसीय जिला विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना पर विस्तृत मंथन हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वदेशी की विकास यात्रा और स्वावलंबी भारत अभियान के महत्व को रेखांकित किया। प्रशिक्षण वर्ग में ऊर्जा संरक्षण, कार्यकर्ता व्यवहार और मातृशक्ति की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला उद्योग केंद्र के सहायक प्रबंधक मयंक डावर और बैंक के जिला अग्रणी प्रबंधक संजय मिश्रा ने विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। अध्यक्षता कालिदास अकादमी के निदेशक गोविंद गंधे ने की। इस अवसर पर हेमंत रावत, विशाल पुरोहित, दिलीप सिंह चौहान, डॉ. सुरेश चोपड़ा, पल्लवी व्यास, शिव मालवीय और स्वामी नीलगिरि जी महाराज ने अपने विचार रखे। संचालन रचना शर्मा ने किया और आभार महेश पाटीदार ने माना। इस विचार वर्ग में प्रदीप तिवारी, प्रकाश पुरोहित, नंदकिशोर मंडलोई, सुनील उपाध्याय और बद्री काका सहित 100 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे।




## शैलेंद्र व्यास का विशिष्ट खेल बहुमान

**उज्जैन।** बास्केटबॉल कॉरपोरेशन एरिया उज्जैन द्वारा आयोजित खेलो अस्मिता इंडिया राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप के समापन अवसर पर शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके का विशिष्ट खेल बहुमान किया गया। समारोह में उपस्थित खिलाड़ियों, खेल पदाधिकारियों और दर्शकों की करतल ध्वनि के बीच उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। शैलेंद्र व्यास विगत 40 वर्षों से खेल, सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक और हास्य मंचों पर अपनी विशिष्ट शैली में सूत्रधार की भूमिका निभा रहे हैं। लंबे योगदान को देखते हुए यह सम्मान दिया गया। मुख्य अतिथि सिमी यादव, कुलविंदर सिंह गिल, राहुल यादव, शैलेंद्र टाइट्स और पद्मजा रघुवंशी ने शॉल, श्रीफल व आकर्षक मोमेंटो भेंट कर उनका अभिनंदन किया। संचालन रितु शर्मा ने किया। आभार ज्योति शर्मा ने माना।

# कलेक्टर ने दिखाए खुले तार तो जिम्मेदारों में दौड़ा करंट

## महाकाल सवारी के पहले अधिकारियों ने किया मार्ग का निरीक्षण, टनल निर्माण भी देखा

**उज्जैन। उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह रविवार को बाकी अफसरों के साथ महाकाल मंदिर क्षेत्र में निर्माण कार्य विकास कार्य सौंदर्यीकरण देखने के लिए निकले। मंदिर में कई स्थान पर खुले तार देखकर कलेक्टर ने नाराज की जताई ऐसे जिम्मेदारों में करंट दौड़ गया।**

महाकाल की नगरी में आगामी श्रावण मास और सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियों की गति तेज कर दी है। इसी क्रम में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने रविवार को महाकाल मंदिर क्षेत्र का व्यापक भ्रमण कर श्रद्धालुओं के आवागमन, दर्शन व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया।



### सावन के पहले सुविधा

प्रशासन का प्रयास है कि श्रावण मास में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और सिंहस्थ-2028 के दौरान पहुंचने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव मिल सके। कलेक्टर ने महाकाल क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा आवश्यक अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों की समीक्षा भी की गई। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण और उन्नयन कार्यों की भी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।



### व्यवस्थाओं पर फोकस

निरीक्षण के दौरान महाकाल मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम और व्यवस्थित आवागमन सुनिश्चित करने पर विशेष फोकस रहा। मंदिर क्षेत्र में बढ़ती श्रद्धालु संख्या को देखते हुए मार्गों, सुविधाओं और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। रविवार को संभागआयुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रोशन सिंह ने निर्माणाधीन गीता भवन ऑडिटोरियम, विक्रम कीर्ति मंदिर संग्रहालय उन्नयन कार्य, वीर भारत संग्रहालय तथा अन्य विकास परियोजनाओं का निरीक्षण कर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## चार दमकलों ने बुझाई कबाड़ गोदाम की आग

### बड़नगर में भीषण अग्निकांड, लाखों रुपए का नुकसान

**उज्जैन। इस भीषण गर्मी में सड़कों पर कहीं चारपहिया वाहन आग की चपेट में आ रहे हैं तो कहीं पर छोटे कारखानों में आग जनी की घटनाएं हो रही हैं। इसी क्रम में बड़नगर तहसील में भगवती माता मंदिर मार्ग पर शनिवार रात कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में लाखों रुपए का कबाड़ जलकर खाक हो गया।**

गोदाम संचालक शोएब पिता अब्बू पहलवान ने बताया कि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। शुरुआती तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। आग में गोदाम में रखा प्लास्टिक, पुराने पुट्ठे और अन्य कबाड़ सामग्री पूरी तरह जल गई। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के दौरान जेसीबी मशीन की सहायता से गोदाम के टीन शेड और पतरे हटाए। इसके बाद अंदर सुलग रही आग को बुझाने का काम किया गया। देर रात तक राहत और बचाव कार्य जारी रहा। आगजनी की घटना में गोदाम में रखा बड़ी मात्रा में कबाड़ नष्ट हो गया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार लाखों रुपए के नुकसान की आशंका है। प्रशासन और संबंधित विभाग आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आग लगने की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

## रात में धूल भरी आंधी, दिन में गिरा तापमान

- नौतपा की शुरुआत होने के बाद से हवा की रफ्तार बढ़ती जा रही

**उज्जैन। नौतपा की शुरुआत होने के बाद से हवा की रफ्तार लगातार बढ़ती जा रही है। शनिवार रविवार रात धूल भरी आंधी चली और हल्की बारिश के बाद रविवार को अधिकतम तापमान में गिरावट आ गई। चुभती धूप से राहत मिली लेकिन उमस बढ़ गई है। मौसम विभाग में आगामी 2 दिन मौसम बना रहने का अलर्ट जारी किया है।**

मई माह के अंतिम सप्ताह में नौतपा की शुरुआत हुई थी। जिसमें तापमान 44 डिग्री के पर जाने का अनुमान जताया गया था। लेकिन नौतपा की शुरुआत के साथ ही हवा की रफ्तार 12 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की हो गई थी। जो काफी गर्म महसूस हो रही थी लेकिन तापमान 42 डिग्री के आसपास बना हुआ था। इसी बीच पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव आना शुरू हो गया। शुक्रवार सुबह हुई बारिश के बाद शनिवार रात अचानक धूल भरी आंधी चली और हवा की रफ्तार 18 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की हो गई। तेज हवा के साथ बारिश हुई और मौसम पूरी तरह से ठंडा हो गया। रविवार को भी मौसम में बदलाव दिखाई दिया। दिनभर धूप निकली रही लेकिन हवा की गति 10 किलोमीटर प्रति घंटे की होने से चुभन महसूस नहीं हुई। रात में चली आंधी और बारिश की वजह से दिन में उमस महसूस हो रही थी। इस बीच अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 2 दिन और इसी तरह का मौसम बना रह सकता है तेज आंधी के साथ बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

## महाभारत के युधिष्ठिर गजेंद्र चौहान ने किए महाकाल दर्शन



**उज्जैन।** अभिनेताओं का महाकाल दर्शन करने का सिलसिला जारी है। फिल्म एवं टीवी के अभिनेता गजेंद्र चौहान ने रविवार को उज्जैन प्रवास के दौरान महाकाल दर्शन किए। उन्होंने नंदी हाल से भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेकर नंदी जी को जल चढ़ाया। पुजारी जितेंद्र शर्मा ने उनका पूजन कराया। गजेंद्र चौहान कई फिल्मों में नजर आए हैं। वहीं टीवी के सबसे बड़े सीरियल महाभारत में आपने युधिष्ठिर की भूमिका निभाई थी।

## उन्हेल मार्ग : सड़क पार कर रहे वृद्ध को पिकअप ने कुचला, मौत

- नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल पर नेशनल कॉन्क्लेव का आयोजन

**उज्जैन।** उन्हेल मार्ग पर रात में ढाबाकर्मी को तेज गति से दौड़ती पिकअप ने कुचल दिया। घायल को अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक टोल का बैरियर तोड़कर भाग निकला था।

मंदसौर के सीतामऊ में रहने वाला लालूराम पिता मोतीलाल काछी 60 वर्ष पिछले 1 साल से उन्हेल मार्ग पर श्रीजी ढाबे पर काम कर रहा था ढाबे पर ही उसका आशियाना बना हुआ था। रात में वह सामान लेने गया था जहां से वापस लौटते समय पैदल सड़क पार कर रहा था इस दौरान तेज गति में आई पिकअप ने उसे कुचल दिया। ढाबा संचालक शंकर लाल पटेल को दुर्घटना का पता चला तो लालूराम को अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। दुर्घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि दुर्घटना स्थल के आगे टोल नाके का बैरियर तोड़कर पिकअप भागी है। पुलिस को टोल और आसपास लगे कैमरो से पिकअप का नंबर मिला है जिसके आधार पर चालक का पता लगाया जा रहा है। रविवार सुबह मृतक के परिजनों के आने पर उसका भैरवगढ़ थाना पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया।

### घर के बाहर बैठे युवक पर चढ़ी कार

उज्जैन। घर के बाहर बैठे युवक पर तेज गति से आई कार चढ़ गई। युवक गंभीर घायल हुआ है परिजनों ने इस अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने कार जप्त की है चालक भाग निकला था। इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम जहांगीरपुर में रहने वाला विशाल पिता सुरेश परमार 18 वर्ष शनिवार देर शाम घर के बाहर बैठा हुआ था। इस दौरान नागदा की ओर से तेज गति में आई कार ने उसे कुचल दिया। कार चढ़ने से विशाल घायल हो गया जिसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे इस बीच आसपास के लोग एकत्रित हो गए थे चालक कार छोड़कर भाग निकला। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार को जब्त कर लिया। कार देपालपुर की होना सामने आई है। पुलिस ने चालक की तलाश शुरू कर दी है। घायल विशाल की हालत अस्पताल में चिंताजनक बनी हुई है।

### राघवी थाना क्षेत्र :15 दिन बाद घायल की मौत

राघवी क्षेत्र के झालरा में रहने वाला राजेश पिता शंकर लाल 15 दिन पहले पत्नी के साथ खजुरिया बड़ोद जिला आकर गया था जहां से लौटते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। राजेश गंभीर घायल हुआ था उसे उज्जैन लाया गया जहां से उपचार के लिए भोपाल ले जाया गया। रविवार शाम उसे वापस उज्जैन लाया जा रहा था, लेकिन उसकी मौत हो गई। परिजन चरक अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मामला दुर्घटना से जुडा होने पर कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सर्वे : लांबीखेड़ी में 70 प्रतिशत लोग कर रहे तंबाकू का सेवन

**उज्जैन।** जिले के ग्राम लांबीखेड़ी में ग्रामीणों के बीच किए गए एक ग्रामीण स्वास्थ्य सर्वेक्षण में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। सर्वेक्षण में यह पाया गया है कि गांव के लगभग 70 प्रतिशत लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू या उससे जुड़े उत्पादों का सेवन कर रहे हैं। यह व्यापक सर्वेक्षण आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा विभाग ने कैंसर विशेषज्ञ डॉ. दिनेश पेंढारकर के सहयोग से किया।




सर्वेक्षण में गांव के कुल 443 ग्रामीणों ने भाग लिया। जिनकी औसत आयु लगभग 40 वर्ष थी। अध्ययन के दौरान 443 में से 308 उत्तरदाता तंबाकू उत्पादों का उपयोग करते पाए गए। आंकड़ों के अनुसार कुल लोगों में से सर्वाधिक 63.0 प्रतिशत ग्रामीण तंबाकू चबाने के आदी हैं। इसके अलावा 30.9 प्रतिशत बीड़ी और 9.9 प्रतिशत सिगरेट पीते हैं। वहीं 25.1 प्रतिशत लोग सुपारी और 19.4 प्रतिशत पान मसाला का सेवन करते पाए गए। अध्ययन में शामिल 259 पुरुषों में से लगभग 78 प्रतिशत पुरुष किसी न किसी रूप में तंबाकू, सुपारी या पान मसाला का सेवन कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, तंबाकू चबाने की उच्च प्रवृत्ति के कारण ग्रामीणों में मुख कैंसर और मसूड़ों की बीमारियों का जोखिम काफी बढ़ गया है।

### यह रहे उपस्थित

इस कार्य में तृतीय वर्ष के स्नातकोत्तर विद्यार्थी डॉ. जागृति बहरानी, डॉ. सपना राठौर, डॉ. नितिन भार्गव, डॉ. राघवेंद्र सिंह बघेल, डॉ. सुधा गौंड और डॉ. हरि सिंह जाटव के साथ ही प्रथम वर्ष के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों और इंटर्न चिकित्सकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। विभाग ने भविष्य में भी ग्राम स्तर पर ऐसे कैंसर जागरूकता, तंबाकू नियंत्रण और स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रम निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है।

## भागवत कथा आज से

**उज्जैन।** श्री बांके बिहारी मंदिर में अधिक मास के दौरान भागवत कथा का आयोजन 1 जून से किया जा रहा है। मंदिर संस्थापक सनातन धर्माचार्य पं. हरिनारायण शास्त्री प्रतिदिन भागवत कथा का रसपान कराएंगे। मंदिर प्रमुख वासुदेव शास्त्री ने बताया कि अंकपात, मंगलनाथ मार्ग स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में भागवत कथा का आयोजन 1 से 7 जून तक प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगा। जिसमें प्रतिदिन भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का बखान किया जाएगा। धर्माचार्य पं. शास्त्री अधिक मास के विशेष मौके को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन कथा का रसपान कराएंगे।

## गरोठ ब्रिज के नीचे वृद्ध पर 3 युवकों ने किया हमला

- बीड़ी मांगने की बात पर हुआ विवाद,
- रुपए छीनने की भी किया प्रयास

**उज्जैन। गरोठ ब्रिज के नीचे वृद्ध पर तीन अज्ञात युवकों ने हमला कर दिया। तीनों युवक लूटपाट के इरादे से आए थे लेकिन वृद्ध के पास कुछ नहीं मिला।**

चरक अस्पताल में भर्ती संजय नगर निवासी केशव प्रसाद पिता बालचंद्र कटारिया 65 वर्ष में बताया कि वह होटल पर काम करता है और रात में शराब पीने के लिए आगररोड स्थित वाइन शॉप पहुंचा था। जहां से वापस लौटते समय गरोठ ब्रिज के नीचे उसे तीन युवकों ने रोका और पहले बीड़ी मांगने लगे। बीड़ी नहीं होने पर तीनों युवकों ने लात घूंसों से हमला कर दिया और ईंट मार कर सिर फोड़ दिया। घायल के अनुसार बदमाश लूटपाट करना चाहते थे। लेकिन उसके पास कुछ नहीं मिला तो जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में चिमनगंज थाना पुलिस ने तीनों युवकों की तलाश शुरू की गई है।

### पूर्व में भी हो चुके हैं ब्रिज के नीचे विवाद और मारपीट

गरोठ ब्रिज के आसपास इन दोनों और सामाजिक तत्वों की मौजूदगी होना सामने आ रहा है। पूर्व में भी कई बार लोगों के साथ मारपीट के मामले सामने आ चुके हैं। नगर निगम सीमा से बाहर हुई शराब की दुकान के चलते देर रात तक नशा करने वाले आगर रोड स्थित गरोठ ब्रिज के आगे शराब दुकान पर पहुंचते हैं। जिनके साथ आपराधिक गतिविधियों के लोगों द्वारा घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। लेकिन कई मामले पुलिस तक नहीं पहुंच पाते हैं क्योंकि पीड़ित शराब के नशे में होते हैं।

## पॉवर लिफ्टिंग में उज्जैन ने जीता ओवरऑल टीम का खिताब

- रविंद्र, पुष्पा, अभय सहित कई
- खिलाड़ियों ने जीते पदक

**उज्जैन।** ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उज्जैन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल पुरुष वर्ग की टीम चैंपियनशिप का खिताब जीतकर स्वर्णिम इतिहास रच दिया है। इसके साथ ही उज्जैन की टीम ने इक्विप्ड चैंपियनशिप में भी सेकंड रनरअप का खिताब अपने नाम किया।

मप्र पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में श्रीमंत माधवराव सिंधिया की स्मृति में 30 और 31 मई को ग्वालियर के जीवाजी क्लब में राज्य स्तरीय इक्विप्ड एवं क्लासिक महिला-पुरुष मास्टर्स पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। उज्जैन के जय सिंह यादव और सचिव कमल नंदवाना ने बताया कि टीम की इस बड़ी सफलता में कोच मोहम्मद इमरान की अहम भूमिका रही।



### खिलाड़ियों ने पदकों पर जमाया कब्जा

प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्ग समूह में शानदार प्रदर्शन कर दोहरे पदक अर्जित किए। मास्टर-4 कैटेगरी में रविंद्र सिंह निर ने कुल 205 किलो वजन उठाकर क्लासिक और इक्विप्ड दोनों प्रतियोगिताओं में बेस्ट लिफ्टर का सेकंड रनरअप खिताब और स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग की मास्टर-2 कैटेगरी में पुष्पा चौहान ने 212.5 किलो वजन उठाकर रजत पदक अपने नाम किया।

**बुनियादी प्रशिक्षण** ▶ पुलिस प्रशिक्षण शाला उज्जैन में नव आरक्षकों का वार्षिक सांस्कृतिक समारोह संपन्न

## 100 प्रतिशत हाजिरी वाले आरक्षकों का किया अधिकारियों ने सम्मान

**उज्जैन।** विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) रवि कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में और मनीष कुमार अग्रवाल पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रशिक्षण पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में प्रदेश के सभी पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में नव आरक्षकों का उत्कृष्ट स्तर का बुनियादी प्रशिक्षण संपन्न कराया जा रहा है।

वर्तमान में लगभग सभी प्रशिक्षण विद्यालयों में आधारभूत प्रशिक्षण समापन की ओर है और नव आरक्षकों के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पासिंग आउट की कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में पुलिस प्रशिक्षण शाला उज्जैन में 29 मई को उज्जैन रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक नवनीत भसीन के मुख्य अतिथि में शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें सभी नव आरक्षकों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ सहभागिता और प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में नव आरक्षकों ने मालवी लोकनृत्य, देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। पुलिस परिवार के बच्चों के द्वारा अति सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए गए। जिसमें कंटेंपरेरी डांस उल्लेखनीय है। दो नव आरक्षकों के द्वारा कर्ण संवाद जो कि विख्यात कवि रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी रचना रश्मिरथी से उद्धृत है, का अत्यंत प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा उन 19 नव आरक्षकों को भी पुरस्कृत किया गया। जिन्होंने पूरे वर्ष में एक बार भी अवकाश नहीं लिया, कभी गैर हाजिर नहीं हुए, कभी बीमार भी नहीं पड़े अर्थात उनकी उपस्थिति 100 प्रतिशत परसेंट रही। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले बच्चों को पुरस्कार दिए गए। संचालन निरीक्षक नितिन अमलावाद ने किया। आभार डीएसपी एन के मालवीय ने माना।



### इनकी रही कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समर वर्मा, एचएन अहिरवार, पार्वती सोलंकी, रोहिताश पाठक, संतोष जाट, दिलीप परिहार, विक्रम सिंह, भरत यादव, राजेंद्र खांडेकर, नितेश कृष्णन, डॉ. प्रवीण जोशी, अरविंद श्रीवास, नरेंद्र यादव, अमित भावसार, चिकित्सकगण, पंचायत के सदस्य, पीटीएस का समस्त स्टाफ, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि और सम्मानित नागरिक गण सम्मिलित हुए।